बिहार सरकार
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

पत्रांक–6 / ज0गु0–101 / 2024 446 (ग्रा0) पटना, दिनांक– 19/03/2026

सेवा में,

प्रशासनिक पदाधिकारी,
प्रशासनिक एवं वित्तीय विंग,
बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन।

विषयः–वर्ष 2025–26 में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम अंतर्गत वैशाली जिला के विदुपुर, हाजीपुर, सहदेई बुजुर्ग तथा देसरी प्रखण्डों के अधिक आर्सेनिक से प्रभावित 45 ग्रामों / बसावटों में पाईप के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था करने के लिए योजना के निर्माण तथा परिचालन एवं रख–रखाव हेतु राज्यांश मद से 137.23330 लाख रूपये (एक करोड़ सैंतीस लाख तेईस हजार तीन सौ तीस रूपये) मात्र की राशि की विमुक्ति।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि केन्द्र प्रायोजित राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम अंतर्गत वैशाली जिला के विदुपुर, हाजीपुर, सहदेई बुजुर्ग तथा देसरी प्रखण्डों के अधिक आर्सेनिक से प्रभावित 45 ग्रामों / बसावटों में पाईप के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था करने हेतु इन ग्रामों के अन्तर्गत वितरण प्रणाली के रूप में पाईप बिछाने हेतु विभागीय पत्रांक–6 / ज02–1013 / 2012 –996, दिनांक–14.06.2013 के द्वारा कुल 9493.87 लाख रूपये की राशि पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

2. इस स्वीकृत योजना के अन्तर्गत कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, हाजीपुर के द्वारा राशि की अधियाचना की गई है। प्राप्त अधियाचना के आलोक में वैशाली जिला के अंतर्गत अत्यधिक आर्सेनिक प्रभावित क्षेत्रों में विदुपुर बहुग्रामीय पाईप जलापूर्ति योजना के निर्माण तथा परिचालन एवं रख–रखाव हेतु कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, हाजीपुर को बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के पी0एल0 खाता में **NRDWP** के राज्यांश मद की उपलब्ध निधि से **निम्न तालिका** के अनुसार **137.23330 लाख रूपये (एक करोड़ सैंतीस लाख तेईस हजार तीन सौ तीस रूपये) मात्र** की राशि पी0एल0 खाता के माध्यम से विमुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

क्र0 सं0	प्रमंडल का नाम	एकरारनामा संख्या	राज्यांश मद में स्वीकृत राशि	राज्यांश मद में अबतक विमुक्त राशि	विमुक्त राशि (लाख रूपये में)			
					सामान्य	अनु0 जाति	कुल	शब्दों में
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	हाजीपुर	SBD-36/ 2024-25	4746.935	3135.63176	34.00	6.39850	40.39850	चालीस लाख उनचालीस हजार आठ सौ पचास रूपये मात्र।
2		SBD-250/ 2019-20			27.00	5.94834	32.94834	बत्तीस लाख चौरानवे हजार आठ सौ चौतीस रूपये मात्र।
3		SBD-240/ 2019-20			10.00	3.05045	13.05045	तेरह लाख पाँच हजार पैंतालीस रूपये मात्र।
4		SBD-253/ 2019-20			21.00	4.21153	25.21153	पच्चीस लाख इक्कीस हजार एक सौ तिरपन रूपये मात्र।
5		SBD-241/ 2019-20			16.00	3.11980	19.11980	उन्नीस लाख ग्यारह हजार नौ सौ अस्सी रूपये मात्र।
6		SBD-192/ 2019-20			5.00	1.50468	6.50468	छः लाख पचास हजार चार सौ अड़सठ रूपये मात्र।
Total					113.00	24.2333	137.23330	एक करोड़ सैंतीस लाख तेईस हजार तीन सौ तीस रूपये मात्र।

अनुरोध है कि **राज्यांश मद** में कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, हाजीपुर को उक्त राशि पी0एल0 खाता के माध्यम से विमुक्त की जाय।

विश्वासभाजन

18/3/26

(दया शंकर प्रसाद)
मुख्य अभियंता (दक्षिण बिहार)

ज्ञापांक–6ए/ज0गु0–101/2024– 446(अ०) पटना, दिनांकः– 19/03/2026

1.प्रतिलिपी–कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, हाजीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

i. बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के अंतर्गत **राज्यांश मद** में पी0एल0 खाता के माध्यम से उक्त विमुक्त राशि से स्वीकृत योजना के कार्यान्वयन पर व्यय किया जाए।

ii. इस योजना पर होने वाला व्यय स्वीकृत योजना की राशि तक सीमित रहेगा तथा किसी भी हालत में इस राशि का व्यय अन्य मदों पर नहीं किया जायेगा।

iii. इस राशि का उपयोग शीघ्र सुनिश्चित कर व्यय की गई राशि एवं उससे कृत कार्यों के संबंध में प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

2.प्रतिलिपि–सदस्य सचिव, कार्यकारी समिति, बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3.प्रतिलिपि–माननीय मंत्री, के आप्त सचिव लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

4.प्रतिलिपि–सचिव, के प्रधान आप्त सचिव लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

5.प्रतिलिपि–क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर एवं अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अंचल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6.प्रतिलिपि–मुख्य अभियंता (उत्तरी बिहार/दक्षिणी बिहार)/संयुक्त सचिव (प्र0को0)/अधीक्षण अभियंता (मो0)/बजट पदाधिकारी/कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य रूपांकण एवं योजना प्रमंडल संख्या–10/आई0टी0 मैनेजर/प्रशाखा पदाधिकारी–6/रोकड़पाल, बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन/कार्यवाहक सहायक प्रशाखा पदाधिकारी–6 को अतिरिक्त 2 प्रतियों सहित संचिका में रखने हेतु लो0 स्वा0 अभि0 विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/3/26

(दया शंकर प्रसाद)
मुख्य अभियंता (दक्षिण बिहार)